


नवभारत
सतना, सोमवार, 17 नवम्बर , 2025


# मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति की गांवों हो रहीं जनसभाएं

## मिशन के एडवोकेट राजमणि सिंह, कौशलेंद्र शुक्ल, के .बी .मिश्रा घर-घर, गांव-गांव जाकर लोगों को कर रहे जागरूक

नवभारत न्यूज

**मुकुन्दपुर 16 नवम्बर। मैहर जिले के अमरपाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मुकुन्दपुर सहित 6 पंचायतों को मैहर जिले से पृथक कर रीवा जिले में जोड़ने के लिए चलाए जा रहे जन जागरुकता अभियान के तहत लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से हर ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक जन सभा का आयोजन किया जा रहा है।**

जिसमें मुकुन्दपुर, आमिन, धोबहट, परसिया, आनन्दगढ़, पपरा आदि गांवों के लोग रीवा जिले में जुड़ना चाहते हैं। किन्तु राजनीतिक दल के नेता गण जनता जनार्दन के हित को न देखते हुए अपने -अपने हित के लिए जनता जनार्दन को पचासों वर्ष पीछे धकेलने के चक्कर में जनता जनार्दन को पीसते हुए रीवा जिला में जुड़ने का विरोध कर रहे हैं। जिस कारण उक्त सभी पंचायतों के 95त्न जनता जनार्दन रीवा जिले से जुड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। जिस कारण उक्त सभी पंचायतों के लोग मिशन रीवा संयुक्त संघर्ष समिति का गठन कर आमसभा, बैठक के माध्यम से शासन प्रशासन और पुर्नगठन आयोग का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए उक्त कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। जिसके तारतम्य में कार्यक्रम रखा गया।




कार्यक्रम में मिशन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि कौशलेंद्र शरण शुक्ल सचिव एडवोकेट राजमणि सिंह संरक्षक कुंज बिहारी मिश्र, मार्गदर्शक मिजाजी लाल तिवारी सेवानिवृत्त स्टेनों आयुक्त रीवा, उमेश कुमार पाण्डेय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र सिंह, मृत्युंजय द्विवेदी, विनोद कुमार पाण्डेय, कोषाध्यक्ष चंडिकेश्वर सिंह तिवारी परसिया,साधूलाल विश्वकर्मा सह सचिव, मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार मोहम्मद इसहाक मदनी,सह मीडिया प्रभारी सुदामा नामदेव,अनिल द्विवेदी कमलाकर पाण्डेय, दिनेश सिंह बघेल, शिवेंद्र कुमार मिश्रा सेवानिवृत्त वन परिक्षेत्र अधिकारी, सीताशरण गुप्ता साहित्यकार,आदि -आदि मिशन के पदाधिकारियों ने अपने-अपने उद्बोधन ब्यक्त किये ।सीता शरण गुप्ता ने बताया कि जब उक्त सभी पंचायतों को सतना जिले से मैहर में जोड़ा जा रहा था तब मोहम्मद इसहाक मदनी वरिष्ठ पत्रकार के द्वारा उक्त सभी पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान चलाकर आम जनता और उक्त सभी पंचायतों के सरपंचों से हस्ताक्षर कराकर 3 अक्टूबर 23 को जिला कलेक्टर सतना के पास उक्त सभी पंचायतों को रीवा जिले में जोड़ने के लिए आवेदन किया गया था ।जिसकी सुनवाई जिला कलेक्टर सतना के द्वारा की गई थी जिसमें श्री मदनी के साथ स्वर्गीय श्री जयकृष्ण पाण्डेय ने सुनवाई में उपस्थित होकर विधिवत प्रशासन के रजिस्टर में और दर्ज कराई गई थी। जिसमें कलेक्टर सतना ने एक लेटर राज्य शासन के पास भेजा था ।जिस कारण उक्त सभी पंचायतों को जोड़ने की प्रक्रिया शुरू हुई किन्तु राजनीतिक दल के नेताओं के विरोध के चलते उक्त सभी पंचायतों के रहवासियों को यह जद्दोजेहद करना पड़ रहा है ।वहीं मिशन के सचिव एडवोकेट राजमणि सिंह के द्वारा अपने उद्बोधन में बताया गया कि उक्त सभी पंचायतों को रीवा जिले में जोड़ने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमरपाटन, कलेक्टर मैहर, आयुक्त रीवा, उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री भोपाल, पुर्नगठन आयोग भोपाल, प्रधानमंत्री भारत सरकार आदि-आदि के पास आवेदन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल सभी उपस्थित लोगों के द्वारा यह अभिव्यक्त किया गया है कि यदि उक्त सभी पंचायतों को रीवा जिले से नहीं जोड़ा जायेगा तो उक्त सभी पंचायतों के लोग आने वाले चुनाव का भी वहिष्कार करेंगे ।और साथ हीं धरना प्रदर्शन आमरण अनशन जारी किया जायेगा। कार्यक्रम में आये हुए सभी पंचायतों की जनता जनार्दन में रीवा जिले से जुड़ने के लिए भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में शिवेश सिंह चंदेल (राहुल भैय्या)ने अपने उद्बोधन में आये हुए लोगों को काफी उत्साहित किये ।कार्यक्रम में मिशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शरण शुक्ल के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम समापन पश्चात भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी जी का आटिका महाप्रसाद ग्रहण कराया गया।



## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का प्रारम्भिक वर्ग एवं शताब्दी पथ संचलन आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 16 नवम्बर। नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 3 दिवसीय प्रारम्भिक वर्ग के समापन के पश्चात शताब्दी पथ संचलन एवं बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दंड संचालन, नियुद्ध, पद विन्यास, सूर्य नमस्कार, ब्यायम योग, आसन एवं विभीन्न प्रकार के खेलों के साथ बौद्धिक एवं मानसिक विकास हेतु संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।**

प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में खण्ड के स्वयं सेवकों द्वारा पथ संचलन किया गया। तदुउरांत बौद्धिक हुआ। अतिथि अनन्त जी खण्ड संघ चालक , यादवेंद्र सिंह भूतपूर्व सैनिक, ब्रजेन्द्र जी सह जिला कार्यवाह सतना मंचासीन रहे। बौद्धिक कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम भूतपूर्व सैनिक यादवेंद्र सिंह ने सेना की तुलना संघ से करते हुए सारगर्भित उद्बोधन दिया। ब्रजेन्द्र जी सह जिला कार्यवाह सतना ने सारगर्भित उद्बोधन में प्रथम संघ प्रमुख डॉ हेडगेवार जी से लेकर वर्तमान संघ प्रमुख के बारे में विस्तृत जानकारी देते वर्तमान स्वयं सेवकों को संघ प्रमुखों से नसीहत लेने का प्रेरणास्पद संदेश देते हुए स्वयं सेवकों को सेल्फी और दिखावा करने की बजाय धरातल में काम करने की नसीहत दी।

# केपीएल-6 का फाइनल महामुकाबला आज

## राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी के मुख्य अतिथि में आयोजित होगा समारोह पूर्वक आयोजन

नवभारत न्यूज

**कोठी 16 नवम्बर। सोमवार को कोठी के खेल मैदान में जारी 1857 की क्रांति के महानायक रहे अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह स्मृति छठवीं कोठी प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का महा मुकाबला खेला जाएगा जिसमें आरसी एवं गत विजेता ईडबल्यू की टीम आमने-सामने होगी ।**




फाइनल मैच बेहद रोमांचक होने की संभावना है आरसी खिताब के लिए खेलेगी वहीं ईडब्लू की टीम अपना खिताब बरकरार रखने के लिए खेलेगी। आयोजन में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगी वहीं अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवी विकल्प सिंह करेंगे आयोजन समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है इसके लिए रविवार को बैठक कर सभी को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं फाइनल मुकाबला समारोह पूर्वक आयोजित किया जाएगा आयोजन समिति ने अधिक से अधिक खेल प्रेमी दर्शकों को फाइनल मुकाबले का आनंद उठाने का आग्रह किया है।

## अतिवृष्टि से गिरे मकान का मुआवजा दिलाने की मांग

**कोटर ।** अतिवृष्टि से गिरे मकान का मुआवजा दिलाये का आग्रह पीडति ने राम बाघेलान विधायक से किया। प्रार्थी दो?वाल यादव पिता भल्लू यादव निवासी ग्राम टिकुरी ग्राम पंचायत लौलाछ ने आवेदन देकर कहा है कि मेरा मकान वर्षा में पूरा मकान गिर गया है जिस सम्बंध में हल्का पटवारी से मुआवजा दिलाये जाने हेतु निवेदन किया था आवेदन पत्र के साथ में पंचनामा कथन एवं गिरे घर का फोटो ग्राफ खिंचवाकर दिया था किन्तु आज दिनांक तक मुआवजा की राशि प्राप्त नहीं हुई है। आवेदक ने तहसीलदार तहसील कोटर को निर्देशित करने का अनुरोध किया है ताकि मुझ गरीब की स्थिति को ध्यान रख कर मुआवजा दिलायी जाय।

# नेत्र शिविर में 99 मरीज पहुंचे ,23 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए भर्ती

## शेष मरीजों को नि :शुल्क चस्मा और दवाएं दी गई

नवभारत न्यूज

**कोठी 16 नवम्बर। प्रतिमाह की भांति इस महीने भी 16 तारीख को भी दीन सहायक संस्था प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया ।**



श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 99 लोगों ने पहुंचकर नेत्र परीक्षण कराया 23 लोगों में मोतियाबिंद पाए जाने पर उन्हें ऑपरेशन के लिए स्पेशल वाहन द्वारा चित्रकूट के श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड के लिए रवाना किया गया। शेष मरीजों को दवा एवं चश्मा वितरित किए गए, इसके पूर्व संस्था प्रांगण में नेत्र शिविर के आयोजन में थाना प्रभारी कोठी डीएसपी आशुतोष त्यागी के मुख्य मौजूदगी में मां सरस्वती एवं संस्था के संस्थापक की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष दयाशंकर मिश्रौलिया ,पूर्व अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल ,उपाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, कोषाध्यक्ष तीरथ गुप्ता, भूपेंद्रमणि पांडे ,मोहनलाल विश्वकर्मा एवं संजय सोनी सहित आज सदस्य मौजूद रहे ।


# खेर माई मंदिर में महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में

> 19 दिसम्बर को शहनाज अख्तर की होगी प्रस्तुति, संत होगे सम्मिलित

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 16 नवम्बर। मां खेरमाई मंदिर प्रांगण में विशाल श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 14 दिसंबर से 21 दिसंबर तक होगा इस भव्य आयोजन के कथा व्यास ललितांबा पीठाधीश्वर जगतगुरु स्वामी जयराम देवाचार्य जी महाराज होंगे। जिसकी तैयारिया अंतिम चरण में चल रही हैं।**

बता दें इस आयोजन में भजन गायिका शहनाज अख्तर की शानदार प्रस्तुति 19 दिसंबर को होगी जिसमें बड़ी संख्या में नगर एवं ग्रामीण अंचल से श्रोताओ के पहुंचने की उम्मीद के चलते आयोजन समिति द्वारा सभी



आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

आयोजन स्थल में विशाल यज्ञशाला का निर्माण किया जा रहा है। बंगाल से आए हुए कलाकारों के द्वारा यज्ञ शाला के निर्माण को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यज्ञ समिति बनाई गई है जो स्थान की साफ - सफाई, सामग्री की व्यवस्था सहित श्रद्धालुओं के लिए भोजन-आवास की व्यवस्था का काम देख रही है जिससे किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो इसके अतिरिक्त, यज्ञ को सफल बनाने के लिए प्रवचन कर्ताओं का चयन और अनुष्ठानिक तैयारी भी महत्वपूर्ण है। यज्ञशाला के आसपास ही कुटिया का निर्माण भी किया जा रहा है । महिलाओं द्वारा निकाली जाने वाली कलश यात्रा के लिए कलश की व्यवस्था की गई है।

कार्यक्रम के व्यवस्थापक बसंत लाल निगम से मिली जानकारी अनुसार श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर यज्ञशाला, प्रवचन पंडाल, प्रसाद ग्रहण भोजनालय व वाहन पार्किंग सहित बंगाल के कारीगरों भव्य पंडाल सहित उक्त आयोजन की तैयारी अंतिम चरण में चल रही है।

## कोषागार घोटाला मामले में आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 16 नवम्बर जिला कोषागार में हुए अनियमित भुगतान के मामले में जेल में बंद आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र प्रभारी सत्र न्यायाधीश अनुराग कुरील ने निरस्त कर दिया है।**

जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि बीती 17 अक्टूबर 2025 को चित्रकूट के वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया था कि जिला कोषागार से बीती 30 अगस्त 2018 से सितम्बर 2025 तक अनियमित भुगतान हुए हैं।

इस मामले में उन्होंने कई पेंशनर्स और कोषागार के कर्मचारियों को नामजद किया था। जिसमें कोषागार लेखाकार अशोक कुमार और सहायक कोषाधिकारी विकास सिंह सचान समेत कई पेंशनर्स व बिचौलियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेजा है।

## एक नजर में




### मुरुम खदान का डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ जनपद में उपखनिज बालू/मोरम के आवेदित खनन क्षेत्र ग्राम सरधुवा के गाटा संख्या-2495 रकबा 8 .030 एकड़ क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। डीएम के निरीक्षण के समय खान अधिकारी व खान निरीक्षक चित्रकूट उपस्थित रहे। खान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आवेदित क्षेत्र हेतु पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है तथा रॉयल्टी / डी0एम0एफ0/टी0सी0एस0/स्टाम्प के मद में कुल रु0 58 .29 लाख की धनराशि जमा करायी गयी है। जिलाधिकारी द्वारा मौके पर उपस्थित आवेदक के प्रतिनिधि को नियमानुसार अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही खनन/परिवहन कार्य करने हेतु निर्देशित किया गयझं

### नये रुप में दिखेगा नागौद का फुटबॉल स्टेडियम

**नागौद।** नागेन्द्र सिंह जूदेव पूर्व मंत्री मध्य प्रदेश शासन एवं विधायक नागौद विधानसभा क्षेत्र के द्वारा फुटबॉल स्टेडियम नागौद को एक सुंदर, सुव्यवस्थित



और सविधा युक्त बनाए जाने की योजना बनाई है। जिसमें स्टेडियम के दोनों प्रवेश गेटों को बड़ा बनाकर और उसे सुंदर डिजाइन के साथ निर्माण करना साथ ही फील्ड नए हिसाब से ऑयल पेंट से रंगे और पुताई कराना साथ ही कुछ जगह है पर आने जाने हेतु सीमेंट कांक्रीट रोड बनवाये जाने की भी योजना बनाई गई है इन सभी कार्यों के साथ ही अपने देश के महान खिलाड़ी रहे हैं उनके भी बड़े-बड़े छायाचित्र बनवाए जाने की योजना भी जो जल्द ही होने की संभावना है यह हम सब खेल प्रेमियों के लिए और नगर वासियों एव नागौद क्षेत्र वासियों के लिए बहुत ही खुशी की बात है इन सभी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वे की जो पहल होने वाली है उसके लिए माननीय दाऊ साहब के प्रति हम नगर वासी बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं।

### रनेही के लाल बिहारी सिंह का निधन

**कोठी ।** रनेही निवासी वरिष्ठ समाज सेवी कांग्रेस नेता हेमराज सिंह के पिता पूर्व



सरपंच लाल बिहारी सिंह के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक व्याप्त है। हेमराज सिंह के पिता जी के ना रह जाने का समाचार सुनकर क्षेत्र वासियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदनाएं व्यक्त की है पिछले काफी समय से लाल बिहारी सिंह बीमार चल रहे थे और गुरुवार को अचानक शाम को वह सबको छोड़कर चले गए जिस घर परिवार एवं उनके ईस्ट मित्रों में अत्यंत शोक व्याप्त है डॉक्टर के के मिश्रा ,रज्जन महाराज, संतोष सिंह ,मनोज पाठक, बृजेश गर्ग सोनू ,हनुमान शरण मिश्रा, मुन्ना पाठक, दादू उपाध्याय, दादू उरमलिया अजय तिवारी सहित सेकंड लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने रामपुर बाघेलान में किया प्रवास

## बूथ क्रमांक 266 में मतदाता पुनरीक्षण की समीक्षा

नवभारत न्यूज

**रामपुर बाघेलान 16 नवम्बर । भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने रविवार को रामपुर बाघेलान के मौहारी कटरा मंडल के श्रेया वाटिका पडरिया कला बूथ क्रमांक 266 में प्रवास किया ।**

मंन्चासीन अतिथियो ने पार्टी के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय ,डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर धूप दीप पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य आतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय रहे विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रहलाद कुशवाहा जिलामंत्री कामता पाण्डेय रहे, वहीं बैठक की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा ने की। मंन्चासीन अतिथियो का माल्यार्पण साल श्रीफल एवं पारिजात का पौधा भेट कर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन



भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज कुशवाहा ने किया वही आभार प्रदर्शन सरपंच रामबक्स सिंह ने किया इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष राजकृष्ण अग्निहोत्री बूथ अध्यक्ष वंशगोपाल केवट महामंत्री संतोष कुशवाहा मनोज कुशवाहा बीएलए टू कामता प्रसाद कोल रामप्रसाद कुशवाहा सन्दीप वर्मा श्रीमती रेखा कुशवाहा रंजना कुशवाहा काजल श्रेया दिव्यराज दिव्यांश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चित्रकूट के शंख चौराहा का ठीक कराये फाउंटेन :डीएम

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 16 नवम्बर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने षनिवार को राही यात्री भवन एवं क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।**

जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान चित्रकूट से संबंधित पर्यटक स्थलों की पुस्तक प्राप्त की। साथ ही कार्यालय भवन के अगल-बगल साफसफाई ठीक ढंग से ना पाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि नगर पालिका से संपर्क कर कचडे का निस्तारण एवं बेहतर ढंग से साफ-सफाई कराया जाए। इसके बाद राही यात्री भवन के निरीक्षण के दौरान पर्यटक बंगाल के प्रभारी को निर्देश दिए कि सुंदरीकरण का प्रस्ताव तैयार कराया जाए। यात्रियों के ठहरने हेतु ऑनलाइन व्यवस्था की जाए। पर्यटक बंगला प्रभारी ने बताया कि इस राही यात्री भवन में 60 बेड के रूम है जिसमें




आठ वेड के तीन रूम, इसके अलावा छह वेड तथा चार वेड के रूम है। निष्प्रोज्य सामग्री रखी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए पर्यटक बंगला के प्रभारी को सख्त निर्देश दिए की तत्काल इसकी नीलामी कराई जाए।

### बकाया धनराशि जमा न करने पर संम्पति होगी कुर्क

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग द्वारा खनिज विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि बालू/मोरम क्षेत्र ग्राम-बरुवा एहतमाली के गाटा संख्या-392/1 रकबा 17 .7100 हे0 के पट्टाधारक मे0 काशी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी प्रो0 अखिलेश कुमार पुत्र हरीशंकर, निवासी-103, बड़ी हाट, महोबा द्वारा रु0 8 .35 करोड़ की बकाया धनराशि निर्धारित मद में जमा नहीं कराया गया है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा नोटिस प्रेषित किया गया। बकाया धनराशि न जमा करने की दशा में मे0 काशी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी प्रो0 अखिलेश कुमार के विरुद्ध वसूली प्रमाण पत्र निर्गत कर सम्पत्ति कुर्क कराने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

# चित्रकूट में 19 नबम्बर को युवा संगम रोजगार मेला, दीनदयाल आईटीआई में होगा आयोजन

## 15 बड़ी कंपनियां में युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर, 18 से 35 वर्ष के दसवीं पास से लेकर स्नातक युवाओं को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर

चित्रकूट/ दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित दीनदयाल औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र चित्रकूट में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 19 नबम्बर, बुधवार को जिला प्रशासन सतना और जिला रोजगार कार्यालय सतना के सहयोग से दीनदयाल परिसर में युवा संगम रोजगार मेला आयोजित होगा, यह मेला सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसमें 15 बड़ी कंपनियां में युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर मिलेंगे।

मेले में एमएसएमई, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास से जुड़ी कंपनियां आएंगी। रोजगार मेला में चैतन्य फाइनेंस, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा एंटरप्राइजेज, मदरसन सुमी वायरिंग इंडिया लिमिटेड, टीएसपीएल, धूत ट्रांसमिशन प्राइवेट लिमिटेड, बजाज ऑटो लिमिटेड, औरंगाबाद ऑटो एन्सिलरी प्राइवेट लिमिटेड, सनतारा कास्मेटिक प्राइवेट लिमिटेड, सिंटेक्स इंडस्ट्रीज, टीसीआई, क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया, जीडीएक्स सिक्योरिटी नोयडा, जय भारत मारुति लिमिटेड, एसकेएच वाई टेक इंडिया ललिमिटे आदि कंपनियों में 18 से 35 वर्ष के दसवीं पास से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा डिग्री और



स्नातक युवाओं को रीवा संभाग, गुजरात, महाराष्ट्र आदि स्थानों पर रोजगार के अवसर मिलेंगे

दीनदयाल औधोगिक प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य संजय दुबे ने बताया कि दीनदयाल शोध संस्थान चित्रकूट द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए संचालित दीनदयाल औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों से जोड़कर रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 2006 से कार्यरत है। जिसमें 8 व्यावसायिक ट्रेंडों को इनमें शामिल किया गया है। जिनकी प्रशिक्षण अवधि 1 से 2 वर्ष तक है- इनमें इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मोटर मैकेनिक व्हीकल, कोपा, कटिंग एंड सुइंग, ड्राफ्ट्समैन, प्लंबर, सोलर टैक्नीशियन आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा लघु अवधि के प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं।

चित्रकूट क्षेत्र के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिये दीनदयाल आईटीआई कैंपस में एक दिवसीय रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले ''युवा संगम'' का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में अभ्यर्थियों का चयन उनकी योग्यता और कौशल के आधार पर होगा। पूरी प्रक्रिया निशुल्क रहेगी। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा आवेदकों का साक्षात्कार लेकर पात्र अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के ऐसे युवा भाग ले सकते हैं, जिन्होंने हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा या तकनीकी योग्यता (जैसे आईटीआई) प्राप्त की हो। आवेदकों को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार हेतु ऋण प्रक्रिया की जानकारी एवं मार्गदर्शन भी प्रदान किया जाएगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों, बायोडेटा की प्रतियाँ, पासपोर्ट फोटो, आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ साथ लेकर आएं।